# सहज-मार्ग
# sahaj marg

Registration No. R. N. 12620/66

Bi-monthly, Spiritual

Volume XX
No. 4

JULY 1977

Grams:-SAHAJMARG

Phone 2667

**Shri Ram Chandra Mission**

SHAHJAHANPUR. U.P. (India) 242001

* ॐ *

## सहज मार्ग

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत ।
( उठो ! जागो ! गुरुजनों को प्राप्त कर ज्ञान-लाभ करो )

## प्रार्थना

हे नाथ ! तूही मनुष्य जीवन का ध्येय है,
हमारी इच्छायें हमारी उन्नति में बाधक हैं,
तू ही हमारा एक मात्र स्वामी और इष्ट है,
बिना तेरी सहायता तेरी प्राप्ति असम्भव है ।

O, Master !
Thou art the real goal of human life,
We are yet but slaves of wishes,
Putting bar to our advancement,
Thou art the only God and Power,
To bring us upto that stage.

Vol. XX *All rights reserved* No.4
Editors: July 1977
Dr. C. A. Rajagopalachari Yearly Subscription Rs. 10.00
Dr. S. P. Srivastava, M.A. Ph.D. Single Copy Rs. 2.00

---

## CONTENTS

English.—

1 Editorial Notes & Comments 1
2 A Master of the Heart—Dr. C.A. Rajagopalachari 5
3 An Offering–Mary Ann Johnson, Denmark 7
4 An Abhyasis Cry—M. Gopalakrishna 9
5 The Three Regions—S.A. Sarnad 11
6 Your great Universal Love—Mary Ann Johnson 15
7 Youth and Sahaj Marg–S.P. Loknath 17
8 Thy Love—Smt, Malati Sirsikar 20
9 Infinite Journey 21

हिन्दी

१ आत्म समर्पण—श्री रघुनन्दन प्रसाद १
२ तुम्हारे प्रति नमन की प्रीति—श्री मानवेन्द्रकुमार मिश्र ३
३ समर्थ गुरू की अनुपम देन—श्री गजानन्द अग्रवाल ५
४ प्रार्थना—श्रीमती कान्ति श्रीवास्तव ७
५ आँख का जाला–श्री खीमसिंह चौहान ६
६ उनकी ओर देख–श्री शिबलिंगप्पा इंगलगी १२
७ ऋत वाणी १५
८ अनन्त यात्रा १७

# Notice

We are happy to inform all the associates of the Mission that from 1st July , 1977. arrangements for Boarding and lodging of the associates visiting Shahjahanpur have been made at the Asharm Building at Shahjahanpur Hardoi Road. With this arrangement, it is hoped that more Abhyasis than hitherto will now be accommodated here. In order to maintain a regular flow of the visiting associates properly, it would still be necessary for the Abhyasis to obtain prior permission from the Head office. After obtaining prior permission, the arrival and departure dates and timings should be intimated in advance for making necessary arrangement for making their stay, etc., comfortable. Abhyasis who come, should now go direct to the Ashram. on arrival here.

It is once again emphasized that the associates should refrain disturbing the master from 11th to 20th of each month as requested many times earlier.

While coming here, the associates should invariably wear metal badges of the Mission and in addition may bring with them a letter of introduction from the preceptor or prefect or Organizer of the centre and if there is no centre from that of the adjoining centre.

Revered master feels that 3 to 5 day's stay here for. an associate in India is more than sufficient for the purpose of his visit and the associates while getting their programmes fixed, should keep this in mind.

R. K. Dwivedi
Asstt. Secretary.

Vol XX No. 4 July–August 1977

# EDITORIAL NOTES & COMMENTS

Dear Readers,

The May/June issue is already with you all and I am sure those who could not be with Master during the recent Birth Day celebrations at Madurai have been able to live that experience at least to some extent.

in this issue you will find an English rendering of an extract from Master's letter in Hindi to some seeker in the past which has eternal value to all seekers. To some extent your Editor feels that too much advice and just reading the advice might result in a habit of just reading and not putting into practice. This fear gets considerable strength from observation over the past few years, of human nature developing in an incorrect direction despite all effort. Self-criticism does not appear to exist at all, but criticism there is in plenty, of the wrong sort, about every one else except one's own self. Quite often, destructive and devastating disputations on every trivial point is slowly gaining ground and bids fair to become normal standard of behaviour. We trust this timely warning and advice from Master will halt this trend, at least among Mission Members.

Sister Kasturiji was in Europe for about three weeks and returned to India on the 26th of May. She visited some centres of the Mission in France and at Copenhagen. It is well known how advanced she is in spiritual progress and in imparting the practice to Abhyasis. Her erudition in Hindi is par excellence and now she appears to have broken out into laudable expression in English too. This is a real boon to our non-Hindi Indian Abhyasis, who have felt the lack deeply so far.

This Editor has received a communication from Sister Kasturiji mentioning that in the opinion of European Abhyasis her visit has been of great benefit and has been a contribution of Sahaj Marg towards world peace. A pamphlet is under print in Europe containing a report of the tour together with certain articles and a resume of questions-answers sessions at different places. Our readers can look forward to a feast of spiritual discussion when this pamphlet reaches India.

A Danish Abhyasi writes on the same subject as follows: "In the very few days of her stay in Denmark she has overtaken us all, her love filled us up from morning till night. Laughing, talking, singing and showing affection – that is Kasturi. I think all of us have now realised a bit of the wonderful master-piece Kasturi. Master's message has reached us. In fact we are very lucky here in Copenhagen. Master is doing so much for us, sending us himself and one saint after the other. This is fantastic."

Not much of elaboration is needed after this extract from a real letter.



A book giving details of Master's recent visit to Malaysia and Singapore, all that was seen, spoken and done, has been written and will be going to the Press within the next few days The General Secretary who is the Author, and the best person for this purpose since he was with the Master every moment of the tour, will be advising Centres in detail on this matter. Abhayasis have been feeling that they have not been able to pay back the accumulating debt of gratitude to Master. It is a small matter but still the purchase of a book without fail, especially books of invaluable utility of this nature, goes a long way towards making the Abhyasis feel that they are doing atleast something towards repayment even though it can only be compared to the help rendered by the squirrel to Shri Rama when he built the bridge to Lanka. Since the Lord was pleased to stroke that little squirrel with his three fingers leaving indelible marks on its back, Abhyasis may rest assured that their contribution to Mission work in this manner will definitely be rewarded by the grace of the Master.

Your Editor closes this brief note with a prayer for Master's blessings for all.

Madras.
24 June 1977

Your Editor.

# A Matter of the Heart

(Master's original letter in Hindi to a Seeker-An extract therefrom rendered into English by Dr. C.A Rajagopalachari)

Your two letters have arrived. Reading them, regret has arisen in me since if mutuality exists there can be no question of quarrel or dissension. If any matter is not clear to the understanding of any one it is usual to take the assistance of the other and discussion can arise only for obtaining the correct understanding. This is merely business concerning mutual love and affection and those who are fit for this should take help, each from the other.

Mahatma Lalaji Saheb always adopted an attitude of universal brotherhood towards every individual and love went with him everywhere. Its fragrance spread all round. When any elderly person comes up, whatever religion or persuasion he may profess, it behoves all of us to give respect and regard to the elder. Here there is no question of greatness and smallness. Lalaji Maharaj always used to say that for all of us mutual behaviour should be based on love and regard, and this is what almost all elders have taught and practised. Whatever has come to me and is still coming to me has been the generous gift from the Master. To the fullest possible extent I endeavour to walk in his footsteps and whatever benefit has accrued to me has all come from his pure and sacred hands for the generosity of

which all of us are beggars. The gates of the Kingdom of spirituality are ever open to everyone who sincerely and truly craves to learn and understand. This has been my endeavour and whatever success or benefit has come to me all of it is the grace of the Master.

"With the heart's eyes, never see anything except the beloved.

Whatever you see thus, know that it emanates from Him."

I feel that if people will only put this truth into practical application, there can be no difference of opinion anywhere.

You have referred to me about certain techniques. I can only say that I have always done that which was ordered or ordained and have said only that which the Master desired. I have never had the leisure time to even think of or give any attention to these matters.



# An Offering

( Mary Ann Johnson, Denmark )

Like flowers in the wind
Babuji stands in our midst
Sending out a magic scent
And in a colour so bright
With petals so soft and huge
As can embrace all small flowers
It makes us taste and move up
The path to Divinity.

Like the tall tree in the deep forest
He towers above us all–
To see his greatness requires an eye
Turning up and far across the land
Branches and leaves afford us shade
And still we feel the chilly wind
He offers us help to move up to
Far distant Infinity.

Like the river flowing' cross the landscape
Amongst deer and plant and man
His power and love stream through all
So plunge into its waters deep
Now you're here with us, beloved Babuji
We love you for showing this attention
We wanna see and feel and know
A fraction of your wisdom Divine.

# An Abhyasi's Cry

( M. Gopalakrishna; new Delhi )

He is the One
That takes you in to
Submerge in Him while
He Merges in you

Fragile is His health
Firm is the Will
Ever busy pulling us up
Let us Pray for His Health

Lean as He is
He carries all to Reality
And bears the brunt
Let us Pray for His health

Oh Master of Infinite Love
Take You please my health
Nay, take all that is in me
For it is Yours, what is 'I'?

Make me Your Winter Coat
Sure to keep you warm
Glad will this Soul be
If you accept this Prayer.

Listen, Oh ! listen !
No more can I bear
Transfer to me all ills
That Master is suffering

I know not what to pray for,
For His well being
For His long life
Oh ! God ! grant both, we Pray.


At the feet of the Master Divine

Phone;—33785

**The Bharat Granites (P) Ltd.**

BANGALORE—560003.

Leading Exporters of Indian Granites




# The Three Regions

( S. A. Sarnad, Gulbarga. )

There are three levels of being – the animal level, the human level and the super-human or Godly level. These levels can very well be compared to the three stories of a building Man usually lives in the first two and very rarely ascends to the third, although he gives occasionally an evidence of his ability to do so. Taking him to that topmost level and establishing him there permanently is the function of Yoga.

A number of systems and techniques of Yoga have been developed, among which Rajayoga is considered to be the best one. Master says that the system of Rajayoga was invented by a great sage who lived seventytwo generations before King Dasharatha of the Solor Dynasty. The same system is followed in our Sahaj Marg with certain suitable modifications necessitated by the time, retaining however, its essence.

Meditation is the most important part of Rajayoga. Through meditation, the ancient yogis used to ascend to higher levels of consciousness designated as Samadhi. The superfinest state of super-consciousness, or Nothingness as our Master describes, however, remained inaccessible to them, although very few among them might have rarely had glimpses of it now and then. It was reserved for our grand

Master Lalaji Maharaj to unlock its doors for the craving soul. Using the instrument of Pranahuti or the Original thought-force Lalaji prepared our beloved Master, Babuji, for the onerous task of leading the abhyasis to that cherished state of Nothingness, Zero or non-entity. Since then Babuji Maharaj has been doing several bold experiments and has perfected the instrument of Pranahuti, which is known to many of us. A new light has been thrown on the spiritual experiences, and many wrong conceptions and superstitions which prevailed even in the field of sadhana have been removed. Mysticism has been raised to the status of science, thanks to the working of transmission, which again is nothing but the power of thought restored to its original divine condition.

The discovery of our beloved Master pertains to the different levels of spiritual evolution termed as regions. The Central Region, especially, is a remarkable discovery in as much as it was little known to the spiritual world. Master in his 'Efficacy of Rajayoga' has described three regions: The Heart Region, The Mind Region and the Central Region. All the different experiences or stages of spiritual progress upto the highest point of man's approach have been systematically analysed and classified in these three regions. The exposition is quite rational and at once appealing because of the author's judicious exclusion of the hackneyed terminology usually found in yogic treatises.

Man's spiritual journey begins from the Heart Region which is as vast as the universe itself. All the experiences right from non-spiritual upto the state of super-consciousness are contained in this region. The sadhaka, before undertaking



spiritual practice of any Kind, generally lives in the circle of the most mundane and materialistic gross experiences which bind him more and more with this world by increasing and activating his desires. But, when he starts the sadhana of the right type, those very experiences begin to assume finer forms and have subtler meaning. By constant practice of purification and meditation backed by the transmitted power of the Master, the sadhaka is taken to higher and subtler levels of the Heart Region. Learning to associate everything with beloved Master, he gradually begins to feel that his entire living is consecrated to that divine Personality, The wayward tendencies of the mind are checked to a great extent and the mind becomes Master-ridden. Sometimes a supreme joy overpowers the whole being and his eyes brim with tears at the very remembrance of the Master. Of course, he continues to have experience like seeing different kinds of light and colours during meditation, an experience of floating in the sky or air, seeing different visions and dreams, a sense of expansion and so on. At times a Divine dissatisfaction and intense pain is also experienced.

Since the sadhaka comes across different centres of power, miracles also happen. But the sadhaka remains unaware of them because of his surrender to Master. The points of of super-consciousness are opened but the key rests with the Master lest the sadhaka might misuse it. Master says that various powers of Nature reside and function in the Heart Region, The sadhaka does experience them in subtle form but he cannot exactly locate them.

## Take 'me' up And Make it 'You'

( Km. Rama Devi Sukaswami, )

Oh Master, Thou art the perfect one,
I call out therefore to you alone,
Thou art my all and evrything,
I take refuge only in your Being.

I asked: 'If you find me too soft, lift me from this mire;
If you find me too hard, forge me with Thy fire.
If I am a stream of love, guide me to Thy Ocean.
If I am a stagnant cesspool, bring thy monsoon season
To flood me into invisibility,
Near total loss of identity.

"Then, Cooperate"; You told me;
I knew not what you meant;
The crust of dirt on me you did see,
And cleaned me fully, with shoulders bent.
As a loving mother you took me in your arms,
But you pounced like a lion when I got out of bounds.

Like the proverbial wasp which stings without rage.
Till it transforms the worm into It's own Imege,
You take 'me' up and make it 'You':
What all you would ask of me,
Ask and I must obey Thee,
With Gratitude, thanks to Thee,
There is none else for me as you do see.



# 'Your great Universal Love'

( Mary Ann Johnson, Denmark )

Your great universal love
fills me to the brim
So potent I cannot steer,
I swim and feel I drown:

Chor—I can sing ! I can dance, in glorious love
I can weep . I can scream, for merging love
You're my flower, my star, my father,
My one and only God,

You draw out of us pure devotion
And give us back after billion fold
It makes me cratzy with love for you
And blind with hunger for you

Chor—I can sing ..........

Give me trouble, give me pain
I must get home again
Where can one find a Master like this
To let one swim in this bliss ?

Chor—I can sing...........

Where can one find a Master like this
Who can take us to the home We sadlly miss ?

## 'BABUJI'

Babuji, I love The, Babuji
Babuji; Ii love Thee,
But my love isn't that great
As your love.

Babuji, I love Thee, Babuji
Babuji, I love Thee,
Please, take me with you to Reality.



# Youth and Sahaj Marg

( S. P. Loknath, Virudhunagar)

Today's Indian Youth looks as though he is "happy-go-lucky", sometimes even worse than the hippy from the West. No one will object to a student making merry but not at the cost of others and by neglecting his responsibilities and duties. There is no doubt that these young men know that they are not what they really ought to be.

Humanity has achieved a very great leap in the space age by conquering space and exploring the moon. The Americans have set down their space vehicles on distant Mars. But when the vital question "what has India done ?" is posed, we blink in ignorance without realising the fact that we are well ahead of the world in the field of spirituality.

While people from distant lands discovered our rich treasures of 'Spirituality' and are following the teachings, it is indeed a great pity that our people, especially the 'Youth', are completely indifferent to the call of Spirituality',

From place to place and from man to man throughout the length and breadth of this country "there are many God-men who claim to materialise objects out of nothing–ashes, images, rings, wrist watches and even scotch whisky," They are creators but certainly not Gods, but they gain mastery

over the mass mind for the satisfaction of their eyes and for material gains and well being. Let us analyse the present paralysis of our country. Many of our fellow-men are ignorant about this chaos and one might well ask what should be done ? Should ane believe pseudo-Babas and God men or indulge in dirty politics or turn to a care-free hippy-go-lucky life. These are the problems which puzzle our Youth.

No doubt our Youth are God fearing (as seen openly during exam. times or interviews) and are zealous to attain peace of mind, by any means (even intoxicating drinking, L.S.D., opium and other narcotics) for their self-created and nurtured tensions. How best can one achieve peace of mind and at the same time be elevated to the higher levels of spirituality without disturbing daily life (regular duties, work etc.) is what wrecks the same Youth's mind.

Why should Youth bother about spirituality ? Sahaj Marg ( Natural path ) is the natural solution for all the problems, which is also a natural path of realization of God.

This system does not subscribe to the belief that only aged people should turn to spirituality. Sahaj Marg, true to its name, allows no reservations". Every thing is open. There is nothing to hide. The Master has no privacy at all. The abhyasi feels no distance between himself and the Master. In fact the abhyasi finds the Master to be his own self, the essential being. This is because of Master's transmission which establishes such intimate relationship.



What is a proof for the efficacy of the method of Sahaj Marg ? "The practical experiences of various conditions which an aspirant passes through in his spiritual journey are the direct evidences of the perceptual proofs.

What is the basis of Sahaj Marg ? "It is the right use of power of thought under the expert guidance of a Master of the highest calibre for the realisation of the ultimate condition of human existence".

# Thy Love

(Smt. Malati Sirsikar)

Thy love is different from the worldly love
As night is from day and flame is from the clay.

When worldly love did rule my heart,
The cells of Being resounded 'Cry',
Or Farth and sky spun beauty and joy
Encasing me in a cocoon like sheath.

Then I never knew the boon
What it was to be out of bars-out of scars–
Of one's own brilliant shadow
Then I never knew what sorrow it is to be away from 'You',

With thy touch Tears dry up,
No more do doubts prevail
I find myself outside the Jail
Free like the winging quail

With falling away of caging bars
Myself's in INFINITE SEA



INFINITE JOURNEY

Letter No. 11

(From Sister Kasturi to Rev. Master)

Your visit to this place benefited all the people greatly and gave them immence peace. I have already informed you that I find myself in a condition similar to that of near forgetfulness. For about five months, my mind never got disturbed even for a moment. During your last visit, you seem to have filled my heart with something which, though I cannot adequately describe it, has induced in me a condition which is akin to that of being dead or a corpse. You had earlier hinted that the 'AJAPA' will start of its own and that I would be able to hear it in the beat of my heart. I am now feeling that the sound of 'Aum' is coming not only from my heart but also from my fingers and my back. Right since I met you during your last visit to this place, I am experiencing an extraordinarily good condition. However, I cannot possibly explain why I consider it to be good or indeed, what is exactly meant by the condition being good. That night, when I sat for meditation, a voice, coming from I do not know where, seemed to tell me "do not labour so hard".

Respected Shri Babuji, the conditions which I have mentioned above are all but the outcome of the absolutely spontaneous grace of my Master and of your blessings and kindness. You, of course, know full well that in this matter I do not lay any store by the SADHANA or devotion which I practise. My only prayer to God, therefore, as it has always been and will continue to be, is that through your kindness I should make the utmost spiritual progress most speedily, that I should love only God and no one else and that my love for Him should be completely selfless. I shall do whatever would be necessary to remain restless in His remembrance.

(Rendering by Shri V. G. Joshi)



# आत्म-समर्पण

(श्री रघुनन्दन प्रसाद 'इन्द्र' एडवोकेट लखीमपुर-खीरी)

आत्म-समर्पण कहने में जितना सरल है, करने में उतना ही कठिन है। आत्म-समर्पण की भी दो गतियाँ होती हैं एक बाहर से भीतर की ओर, और एक भीतर से बाहर की ओर। भीतर से बाहर की ओर का मार्ग अवरोहण का मार्ग है, और बाहर से भीतर की ओर का मार्ग आरोहण का है।

आरोहण मार्ग सबके लिये उपयुक्त है। अवरोहण का मार्ग सबके लिये नहीं है। वह है केवल उन लोगों के लिये जो साधना-निष्ठ है। साधना-निष्ठ होने के लिये पहले आरोहण मार्ग का आश्रय लेना पड़ता है।

आत्म-समर्पण की भी एक बड़ी लम्बी यात्रा है। इस का प्रारम्भ उस स्थान से होता है जहाँ यह अनुभव होने लगता है कि जो कुछ मैं अपना समझ रहा था, वह वास्तव में मेरा नही है सब तेरा है। और जो तेरा ही है, उसे तुझे सौंपने में मुझे हिचकिचाहट क्यों हो। कबीर ने अपनी एक साखी मैं इसी भाव को व्यक्त किया है।

मेरा मुझको कुछ नहीं जों कुछ है सब तोर।
तेरा तुझको सौंपते, क्या लागत है मोर॥

भक्ति मार्ग की यात्रा का यह पहला स्थान है। अन्तिम स्थान की ओर भी कबीर ने लक्ष्य किया है। उनकी एक दूसरी साखी है।

पहले मैं था तू नहीं, अब तू है मैं नाहिं।
प्रेम गली अति साँकरी, या में दो न समाहिं॥

अन्तिम मन्ज़िल पर पहुँचकर भक्त का अपने आराध्य में बिलय हो जाता है। अहं भाव का नाश हो जाता है। भक्त अपने अराध्य में पूर्णतः स्थित होकर शान्ति और आनन्द दोनों को एक साथ ही पा जाता है। भक्त और भगवान के

बीच का अन्तर न्यूनतम रह जाता है। पहला प्रारम्भ का स्थान भी कई उप-पड़ावों में विभक्त है। सब के पहले स्थूल का त्याग और समर्पण होता है, उनके बाद सूक्ष्म, सूक्ष्मतर और सूक्ष्मतम का समर्पण होता है। सब से स्थूल वस्तु धन और द्रव्य है। धन और द्रव्य का समर्पण पहली सीढ़ी है। इसमें भी दो स्थान हैं। एक आत्म-त्याग का और दूसरा आत्म-समर्पण का। आत्म त्याग नाम है केवल वस्तु में ममत्व के त्याग का। और समर्पण भाव है आत्म प्रदान का। बल्कि इस भाव का कि वस्तु तो तेरी ही है, तेरी ही थी, मैं तेरी ओर से उसका रखवाला था, अब तू जो उसका मालिक आ गया, तो तेरी वस्तु तुझे सौंपने में मुझे हिचकिचाहट क्यों हो। तूने तो अपनी वस्तु मुझ से लेकर मेरे ऊपर जो रखवाली का भार था उसे कम कर दिया है, उस भार के कम हो जाने से मैं अपना बोझा हल्का अनुभव करता हूँ। कहते है कि भगवान बुद्ध का एक शिष्य बड़ा धनी था। लाखों रुपया उसके पास था। वह भगवान बुद्ध से बराबर आग्रह करता था कि वह एक दिन चलकर उनके घर को भी पवित्र कर दे, उनके यहां भोजन कर लें। परन्तु भगवान उसे यह कहकर टाल देते थे कि अभी समय नहीं आया है। जब समय आयेगा तो देखा जायेगा। इसके विपरीत भगवान छोटे छोटे महार्थियों के यहां जाकर सहर्ष भोजन कर लिया करते थे। बेचारा धनी पुरुष यह सोचता था कि मुझ में क्या कमी है जो भगवान मेरी प्रार्थना स्वीकार नहीं करते। बहुत कुछ सोचने पर उनकी समझ में यह आया कि यह मेरा धन ही मेरे और भगवान के बीच में व्यवधान बना हुआ है। और उसने अपना सारा धन और सम्पत्ति दीन दुःखियों में बांट दी और वह फिर भगवान के चरणों में गया। उसको कुछ कहना नही पड़ा, भगवान ने उससे कुछ पूछा भी नहीं। और उनसे उठकर कहा चलो समय आ गया है, आज तुम्हारे यहां भोजन करेंगे। सारांश यह कि बिना अपना सर्वस्व दिये हुए भगवान तुम्हें स्वीकार भी नहीं करता। आत्म दान वस्तु का नही होता। वस्तु तो केवल उनका स्थूल और वाह्य रूप है, वास्तव में आत्मदान ममत्व का होता हैं।

द्रव्य और सम्पति की अपेक्षा शरीर सूक्ष्म है। शरीर की अपेक्षा जीवन सूक्ष्म है जीवन की अपेक्षा मन सूक्ष्म है मन की अपेक्षा बुद्धि सूक्ष्म है। और अहंभाव बुद्धि की अपेक्षा भी सूक्ष्म है। एक के बाद दूसरे का उत्तरोत्तर समर्पण करते हुए भक्त आत्म-समर्पण की उस मञ्जिल पर पहुंच जाता है, वहां केवल भगवान ही भगवान रह जाता है और वह शून्य हो जाता है।



# 'तुम्हारे प्रति नमन की प्रीति'

[श्री मानवेन्द्र कुमार मिश्र 'मानव' बदायूँ उत्तर प्रदेश]

प्रसन्नता, सफलता,
श्रद्धा, सम्मान का श्रोत,
सृष्टि का आदि कारण—
हिरण्यगर्भ,
तुम्हारे अनुगमन में है
और नई प्रीति तुम्हारे प्रति नमन में है।
प्रसन्नता—
तुम्हें याद रहने की !
सफलता—
तुम्हारे याद करने की !
श्रद्धा—
तुम्हें अपना कहने की !
और सम्मान,
समर्पित कर देने में तुम्हें यह सब—
आदिकारण के साथ !
रिक्त हो रहा है यह मस्तिष्क
जागरण और स्वप्न की दूरी
नजर नहीं आती
यह सत्य है
कि मैं ध्यान में रहता हूँ,
किन्तु तुमसे केवल एक बात कहता हूं—
कि जब मैं ध्यान में न रहूं
तुम सामने खड़े रहो

तुम जब सामने होते हो
काल की श्रृंखलाएं-
सहज हो जाती है
जैसे सिमट आता है अवकाश (समय)
किसी निश्चल बिन्दु की भांति-
केन्द्र का नियामक-
मौलिक शक्ति का प्रतिरूप
तुम्हारे स्वरों में उतारना
सहज लगता है,
जीवन —
केवल कर्म, संस्कारों का भोग ही नही-
वह उनका स्रोत भी है
आस्था विश्वास और भक्ति के साथ,
तुम्हारे अनुरूप
उभारना चाहता हूँ अक्षर-
भरना चाहता हूं प्राण
तुम्हारे हृदय में लय होना चाहता हूं मैं
और !
तुम्हारे प्रति नमन की प्रीति का !
यह गीत लिए मैं
तुम्हें पूजता रहूंगा ।
अब तो जैसे जिलाओगे तुम,
वैसे ही जिऊँगा !



# समर्थ गुरु की अनुपम देन

(श्री गजानन्द अग्रवाल, तिनसुकिया-आसाम)

जब-जब होती हानि धर्म की और पाप बढ़ जाता है ।
तब लेते अवतार प्रभु, अरु विश्व शान्ति पाता है ।।

इस पवित्र भूमि के जनजीवन में जब-जब ईर्ष्या, द्वेष, तथा वासनाओं का जन्म हुआ, तब-तब किसी न किसी महान आत्मा का अवतरण हुआ । प्रकृति नियमों के अनुसार मानवता की रक्षा तथा पथ प्रदर्शन करने हेतु समर्थ गुरु महात्मा श्री रामचन्द्र जी फतेहगढ़ में २ फरवरी सन् १८७३ ई० को बसन्त पंचमी को मानव शरीर धारण कर इस पृथ्वी पर अवतीर्ण हुए । उन्होंने शताब्दियों से भुलाये हुए राजयोग की प्राणाहुति प्रणाली से पुनः अध्यात्मिक क्षेत्र को अलौकिक किया । उन्होंने घोर निद्रा में सोये हुए लोगों को जगाया । उन्होंने पीड़ित मानव को 'उठो जागो' का सन्देश दिया । इस से भी एक कदम आगे बढ़कर मानवता का लक्ष्य बतलाकर लक्ष्य तक पहुँचाने का सन्देश दिया और बहुतों को लक्ष्य तक पहुँचाया ।

इस जमाने में लोग राजयोग को भूल चुके थे, और इसको बहुत कठिन क्रिया तथा पहाड़ों की गुफाओं में जाकर तपस्या करने वाले साधु सन्यासियों की चीज समझने लगे थे । ऐसी स्थिति में इस कठिन-साध्य राजयोग को वैज्ञानिक शोध द्वारा अत्यन्त सरल एवं सुबोध बनाकर गृहस्थ जीवन को अर्पित किया, तथा बतलाया कि इस का प्रयोग करो और जीवन को सुखी बनाने के साथ ही जीवन के परम-लक्ष्य को प्राप्त करो । उनकी इस अनुपम देन को आध्यात्मिक जगत कभी नहीं भुला सकता । हमारी भावी-पीढ़ी इस पूर्ण योगेश्वर को स्मरण करती रहेगी । इस सर्वोत्तम साधना के रूप में राजयोग का तथा ऐसे महापुरूषो तथा सन्तो का भारत में अपना विशिष्ट स्थान रहा

है । किन्तु समय के प्रवाह के साथ ही दुर्भाग्यवश कुछ ऐसी परिस्थितियां आई जिसके फलस्वरूप साधना का प्रयोगात्मक पक्ष लुप्त हो गया था और राजयोग की साधना भी अपने मौलिक रूप को खोकर और रूढ़ि ग्रस्त होकर प्रभाव हीन हो गई थी।

हर्ष की बात है कि फिर से राजयोग की साधना के इतिहास का नवीन अध्याय सहज-मार्ग के रूप में आरम्भ हुआ। हमारे पूज्य लाला जी ने इस मार्ग को शीघ्र तय करने के लिए उसी प्राणाहुति का प्रयोग किया जो प्रायः लुप्त हो चुकी थी। यह प्राणाहुति [ट्रान्समिशन पावर] कोई नई चीज नहीं है। इस शक्ति का आभास श्री कृष्ण अर्जुन तथा स्वामी रामकृष्ण विवेकानन्द आदि प्रकरणों में मिल चुका है। सहज मार्ग में उस प्राचीन पद्धति को प्रयोगात्मक दृष्टि से बिल्कुल नवीन रूप दिया गया है। बहुधा प्राचीन ऋषि-मुनियों ने गृहस्थ जीवन को अध्यात्मिक मार्ग में बाधक बताया, किन्तु श्रद्धेय लाला जी साहब और श्री बाबू जी ने शोध द्वारा विचार करके सहज से सहज तरीका मानव जाति के सामने रखा।

इस सहज साधना पद्धति को पाकर अब हमारा परम कर्त्तव्य है कि हम अपने आलस्य तथा शंकाओं का परित्याग कर एक निष्ठ और दृढ़ प्रतिज्ञ होकर उनके मार्ग पर अग्रसर हों। हम सबके कितने बड़े भाग्य हैं कि लाला जी साहब के प्रमुख शिष्य एवं उत्तराधिकारी परम समर्थ सद्गुरू श्री बाबुजी से हम सबका मिलन हुआ, जो अपने गुरु के लक्ष्यों एवं उद्देश्यों की पूर्ति हेतु श्री रामचन्द्र मिशन की स्थापना करके उसे विश्व के कोने-कोने में फैला रहे हैं, और प्रत्येक अभ्यासी के हृदय में प्राणाहुति द्वारा शक्तियाँ तथा प्रेरणाएँ भरकर उसकी आन्तिरिक शक्तियों को जागृत कर रहे है जिससे इस जीवन के वास्तविक लक्ष्य की प्राप्ति की ओर अग्रसर होकर हम सब उसे प्राप्त कर सकें। कवि के मार्मिक शब्दों में परम पूज्य लाला जी साहब की अनुपम देन श्रद्धेय बाबू जी का आविर्भाव ही है जिस के लिए मानवता सदैव उन की ऋणी रहेंगी।

"ओ लाला जी" इस धरती पर होता न कही अवतार तेरा।
कृपा सिन्धु "गुरु बाबूजी" से बंचित रहती बसुन्धरा॥



# प्रार्थना (गज़ल)

(श्रीमती कान्ति श्रीवास्तव लखनऊ)

-०-

करम इतना मेरे ऊपर मेरे सरकार हो जाए।
यह तन और मन न रह कर फ़ैज़ का आगार हो जाए॥१॥
मैं लय हो जाऊँ इस हद तक तुम्हारे ही ख़यालों में।
मुझे जो देख ले उसको तेरा दीदार हो जाए॥३॥
करूँ मैं प्रेम हर इन्सान से यह जानकर हरदम।
न जाने किसकी सूरत में तू जल्वागार हो जाए॥२॥
बँधी डोरी रहे हरदम हमारी श्वाँस की तुमसे।
तुम्हारे प्रेम-सागर में मेरा अस्तित्व खो जाए॥४॥
मैं तुममें डूब जाऊँ फिर न हो पाऊँ कभी बाहर।
लगी जो कालिमा है संस्कारों की वो धुल जाए॥५॥
तुम्हारी याद की जो आग यह दिल में सुलगती है।
पहुँच जाए धुआँ तुम तक तो बेड़ा पार हो जाए॥
सहज मारग ही ईश्वर-प्रेम का अब मार्ग है सच्चा।
यह तन मन धन सभी इस मार्ग पर बलिहार हो जाये॥७॥
प्रभु इस 'कान्ति' को अपनी अनूठी कान्ति से भर दो।
अकिंचन कान्ति प्रभु की कान्ति का भण्डार हो जाए॥८॥

# "आँख का जाला"

(श्री खीमसिंह चौहान, सावेर—मध्य प्रदेश)

अनन्त पथ के राही को भ्रम हैं कि आंख किसी रोग से ग्रसित तो नही हैं ? क्यो कि आंखो से कभी २ स्पष्ट नही दिखाई दे रहा है। आखों के दृग पटल रक्तपटल कार्निया, आइरिस जलीय द्रव, नेयेताल कांचीय द्रव और रेटिना आदि में तो किसी प्रकार की कमी खराबी एव दोष नही हैं, यदि आंखो में नजला होता तो आंखों से बार—२ पानी निकलता, यदि आंखों में जाला नामक रोग होता तो आंखो पर एक पतली सी झिल्ली दिखाई देती । यदि मोतियाबिन्द होता तौ पुतलियों के बाहर एक गोल चमकदार धब्बा आँशिक अथवा पूर्ण रूप से लगा होता, यदि दृष्टि दोष हों तो पास की अथवा दूर की वस्तुये स्पष्ट नही दिखाई देती परन्तु इन आँखों से कभी-२ स्पष्ट भी दिखाई देता हैं अतः उपयुक्त दोषो तथा रोगो की भी सम्भावना नही है। उपयुक्त दोष व रोग कोई भी हों ये भौतिक कारणो से ही होते हैं।

कभी -कभी दोष व रोगो के न होने पर भी आँखों से देखने के उपरान्त भी नही दिखाई देता है । न आँखे दुखती हैं और न किसी रोग के संकेत ही दिखाई देते हैं। यद्यपि आंख की दक्षता उम्र के मान से कम होती जाती है परन्तु आँख खुली रखने पर भी बाह्य वस्तुओं का न दिखाई देना आश्चर्य उत्पन्न करता है । लोगो को विश्वास न होगा कि ऐसा भी हो सकता है । आँखे किसी दृष्य अथवा वस्तुओं को देखने पर आत्मसात नही करती। देखने वाले के मन पर दृश्य का प्रभाव नहीं पड़ता । देखने वालों की आंखे हर क्षण अपने लक्ष्य पर लगी होती हैं । उद्देश्य प्राप्ति हेतु स्मरण होता रहता है तो ये आंखे खुली रहने पर भी निष्क्रिय हो जाती हैं। तब दृश्य का प्रभाव न आंखों पर होता है और न मन पर, सड़क से गुजरने पर इसके दोनो ओर के आकर्षक दृश्य आकर्षक नही लगते । आकर्षण का प्रभाव नही पड़ता है । पेड़ दिखाई देते हैं नाम ज्ञात होने पर भी मालुम नहीं पड़ता कि कौन सा पेड़ है ? यदि कोई नाम पूछे तो आंखे स्वतः पेड़ को वास्तविक रुप से निहारकर विदित कर देती है कि कौन सा व कैसा पेड़ है ।

यह हर आंख के साथ नही होता, उसके साथ होता है जो आंख बाह्य दृश्य के लिये निष्क्रिय रहती हैं । यदि दर्शक चिन्तन में व्यस्त हो अथवा किसी समस्या के हल में डूबा हो अथवा सतत स्मरण में खोया हो तो उसकी आंखे अन्य दर्शकों की आंखों से भिन्न कार्य करती हैं । जब आंखे अन्दर कुछ ढूँढने के प्रयास में हो तो खुली होने पर भी आंखे कुछ नही देख पाती हैं । ऐसी आँख वाले को कभी २ भ्रम हो जाता हैं कि कोई रोग हो गया हैं। दर्पण में देखने पर न किसी रोग के लक्षण दिखाई देते है और न जाला ही दिखाई देता हैं । तत्काल भ्रम दूर हो जाता हैं । क्योकि अब उसी आंख से स्पष्ट व सब दिखाई देने लगता हैं । परिस्थिति विशेष में ही इन आंखों को यह अदर्शन रोग हो जाता हैं । ज्यों ही अकेले में स्मरण व चिन्तन किया जाता हैं आँखों में एक सूक्ष्म झिल्ली का आवरण लग जाता हैं जिसके कारण आँखे न दूर की वस्तुये देखती हैं और न पास की । आंख का यह जाला इतना सूक्ष्म होता हैं कि किसी को भी यह नजर नही आता । जिसको यह होता हैं वही इसका अनुभव करता हैं । यह अच्छा लगता हैं । जब चाहो आंखों से देखलो तथा जब चाहो खुली रहने पर भी मत देखो । शरीर मैं भी हल्कापन एवम् अजीब सी स्थिति होती है तो आखें अन्तरमुखी हो जाती हैं । सामने दीवार पर चित्र टगा है; दृष्टि चित्र में होने पर भी चित्र दिखाई नही देता। कहीं को निगाहें कहीं को निशाना वाली कहावत चरितार्थ होती हैं । मालिक की कृपा से वही सूक्ष्म जाला आंख से देखने के प्रभाव को कुछ काल के लिए निष्क्रिय कर देता हैं । इस जाले पर गुरुदेव का प्रभाव एवम् नियंन्त्रण हैं । मालिक जैसा चाहे वैसा कर दे । यह हकीम के भी हकीम हैं। क्या ही अच्छा होता कि हर आंख में यह झिल्ली लगजाये ।ऐसी स्थिति में आँखे बाहरी एवं कृत्रिम रूप की ओर आकर्षित नहीं होती हैं, ये उस नूर की ओर आकर्षित होती है जिसे इसने मंजिल माना है

भौतिक वादी आँख विस्तार पूर्वक निरीक्षण करती हैं । यह हर भौतिक वस्तु एवं द्रश्य को अति शीघ्रता से निहार कर आत्मसात कर लेती है। कुछ लोग उम्र के साथ साथ भौतिक दृष्यों की ओर उदासीन होने लगते हैं तब उन की आँख एवम उनके हम उम्र भौतिक वादी आंख मैं अन्तर होने लगता हैं। यह अन्तर दोनों के सस्कारों एवं इस जीवन के कार्य कलापों पर निभंर हैं,



प्रथम आंख वाले की स्मरण शक्ति भौतिक वस्तुओं तक सीमित होने की स्थिति में कम होती जाती है तो द्वितीय की अधिक हो जाती है । प्रथम आंख निलिप्त है द्वितीय आंख भौतिकता में आसक्त है, प्रथम आंख को वाह्य जगत से, जितना आवश्यक सम्पर्क है, उतना ही रहता है जब कि द्वितीय आंख को हर क्षण इसी से सम्पर्क बना रहता है इसका सम्पर्क अन्यत्र कहीं भी नही है । बुद्धदेव की आंखे बाह्य को देखकर ऊब चुकी थीं। वे आँखे तो कुछ और देखना चाहती थीं । इसके लिये उन्होंने सभी भौतिक सुख त्याग दिये । आंखे किसी भी सुख को देखती है तो इस सुख का एहसास नही होता जब तक कि बारीकी से तथा बारम्बार न देखा जाये । यदि आंखे अच्छा ही अच्छा देखने की अभ्यस्त हो जाये तो निश्चित ही इस पर अच्छाई का रंग चढने लगता है। रंग चढ़ जाने पर बुरा देखने का प्रश्न ही नहीं उठता । अतः समाज में भले एवं बुरे की श्रेणियां बन जाती हैं ।

गुरुदेव की जिस पर कृपा होती है तो उस व्यक्ति की आंखे ही नहीं अंग-अंग बदल जाता है । प्राणाहुति के प्रभाव से उसकी सम्पूर्ण काया ही बदल जाती है । ऊर्जा का प्रभाव निश्चित होता है। जिस शरीर को प्रति दिन ईश्वरीय ऊर्जा मिलती रहे वह शरीर निश्चित ही अन्य की तुलना में निखर उठेगा, निखार आने का एक मात्र कारण गुरु कृपा है, आंखो पर ही नहीं वरन् विचारो में भी अन्तर आने लगता है, विचारों के कारण ही लोगों में भी अन्तर आ जाता है। किसी भी अभ्यासी को आंख का यह रोग होना सौभाग्य एवं साधना हेतु एक अच्छी शुरुआत है। इसमें अभ्यासी का अपना कुछ नही है । यह सब मालिक की कृपा से ही होता है, नियमित रुप से साधना करने से सब सम्भव है, यदि फीका रंग बार-बार लगाते जाइये तो वह निश्चित ही गहरायेगा तथा कुछ समय बाद गहरे रंग के रूप में दिखाई देगा, यदि कुशल रंगरेज के सम्पर्क में रहने का हर पल प्रयास रहेगा तो रंगरेज के रंग का प्रभाव निश्चित पड़ेगा । इनके पास रंगों की क्या कमी, हर रंग से संतृप्त हैं तथा शरण में आये हर व्यक्ति को हर रंग से सराबोर कर सकते है । फिर क्यों न आंखे भी रंगीली तथा नशीली हों ? ऐसी स्थिति में आंख का जाला उस आंख का उजाला बन जाता है जिसके प्रकाश में मंजिल दिखाई देती है,

# "उनकी ओर देख"

श्री शिवलिंगप्पा इंगलगी, सेडम—कर्णाटक

मानव प्राणी जब धरती पर आता हैं तो उसे बहुत से मसले हल करने पड़ते हैं। सुदैव योग से दिव्य सहवास मिलने पर उसे अपनी असल समस्या हल करने की रोशनी मिल जाती हैं कि वह कहां से आया और वहां किस तरह जा पहुँचे। हम जहां से आये हैं उसी जगह पहुँचना हमारा सर्वश्रेष्ठ ध्येय है। वेद उपनिषद आदि ग्रन्थो का यही निचोड़ है। वेदोपनिषदों के अध्ययन से अपना असली ध्येय चुनने में सहायता मिलती है, फिर भी सर्वश्रेष्ठ ध्येय को असली और पवित्र स्थिति में प्राप्त करने के लिए एक उच्च मार्गदर्शक की शरण में जाना अनिवार्य है मंजिल तक ले जाकर पहुँचाने वाला केवल परम गुरु ही हो सकता है जिसके पास Power of Transmission (प्राणाहुति की शक्ति) प्रदान करने की योग्यता (Capacity] हो!

ऐसा परम गुरु दृष्टिमात्र से मानव का अतिमानव में परिवर्तन कर सकता है। सुदैव योग से हमारे सहज मार्ग के प्रवर्तक ( Founder President of Shri Ram Chander Mission Shahjahanpur U.P ) समस्त मानव कुल के कल्याण लिए तेजी से, सरलता तथा सुरक्षितता से मंजिल तक पहुंचा दूँगा" कह कर घोषणा किये है अर्थात विश्वास दिलाए है। वह मानव कुल के कल्याण के प्रीत्यर्थ त्वरित कार्य करने में उद्यत हैं। उनके मुख्य कार्य तथा महिमा को भली भांति समझकर उनकी तरफ रुजू हो जावें तो बेड़ा पार है, अर्थात मानव की समस्या सहज ही हल हो जाती है। सर्वस्व उनको सर्मपण करना ही सारे वेदों का निचोड़ हैं।

उनकी अनत कृपा के परिणाम स्वरूप " उनकी ओर देख " बिषय को स्पष्ट करने के लिए अपने चंद बिचार अर्थात उन्ही की प्रेरणा से निकले हुए



बिचार प्रकट करने का साहस कर रहा हूं। कहा जाता है कि मोहब्बत शरणागति सतत स्मरण आदि दैवी गुणों का अनुसरण करने के लिए भी सद् गुरू के कृपा कटाक्ष की आवश्यकता हैं। साधक अपनी शक्ति से साक्षात्कार पाने में असमर्थ रहता है। इस लिऐ 'उनकी ओर' अर्थात सद्गुरु की ओर देखते हुए जीवन बिताए तो सब कुछ हस्तगत हो जाता हैं। उनकी ओर देखते हुये मंजिल की तरफ चलते समय साधक की स्व निर्मित भावनायें जो उसके मार्ग में बाधक हैं प्रभु की अपार कृपा से दूर होकर उच्च पथ तै करने में मदद मिल जाती है। साधक को दिगत की ओर चलते समय पग पग पर कई प्रकार के कष्ट लाभ हानि, प्रेम द्वेष, आमोद प्रमोद तथा अन्य कई प्रकार स्थूल भावनाओं से परिणित अवस्थाओं का मुकाबला करना पड़ता है और नाना प्रकार के अनुभवों द्वारा साधक योग्य मार्ग दर्शक की सहायता से सही रास्ता निकाल लेता है। साधक अपनी साधना यात्रा में तेजी से उतरती हुई सदगुरू शक्ति को ग्रहण करने में अपने को असमर्थ सा अनुभव करने पर भी दृढ़ता से उनकी ओर नजर व निष्ठा रखकर कदम बढ़ायें तो मंजिल प्राप्त करना आसान बनने के आसार अनुभव में आने लगते है। उपरिनिर्दिष्ट स्थूल अनुभवों के दबाव से अपने को बचा कर परमगुरू के अपार प्रेम के दबाव में आजाने की स्थिति प्राप्त कर लेने की नितांत अवश्यकता है और उसके लिए उनकी ओर सतत देखना ही एक आसान तरीका हो सकता है जो साधक के लिए अनिवार्य हैं।

जिसको कामला ( jaundice ) रोग होता है उसे हर चीज पीली ही नजर आती हैं। ऐसी ही दशा साधक की बन जानी चाहिए! एक दफे का जिकर है कि मजनू को खाने के लिए किसीने रोटी दी। जब मजनू खाने के खातिर रोटी के टुकडे करने लगा तब उसे महसूस हुआ कि वह लैला की गरदन मरोड रहा हैं। यह थी मजून की दीवानगी। जब तक साधक की स्थिति ऐसी नही बन पाती उसकी साधना अधूरी रह जाती है। पेचीदगी से बच कर मंजिल पहुचने के लिए 'उनकी ओर देख' बिधि का सहारा लेना ही अपरिहार्य हो हो जाता है। एक कवि का कहना है—

खुदी को कर बुलन्द इतना कि हर तकदीर के पहिले।
खुदा बन्दों से खुद पूछे, बता तेरी रजू क्या है? ॥

अनुभव हमे इस सत्य की प्रतीति करा देगा बशर्ते कि हम सतत अभ्यास में पूर्ण प्रेम के साथ जुटे रहें ।

मालिक ने हमे मन दिया है । इसके सहवास में ही हम सदगति और दुर्गति की ओर प्रयाण करते हैं । मालिक ने हमें यह शक्ति तथा बुद्धि दी हैं कि हम उस मन को मित्र बनालें या शत्रु । मन की अधोमुखी अवस्था को हटा कर ऊर्ध्व गति की ओर ले जाने का प्रयास साधक को ही करना पडता है, और इस प्रकार के प्रयत्न से वह जरूर हमारा मित्र बन सकता हैं । मित्र बना लेने का साहस हमें करना जरूरी हैं। यह ध्यान रहे कि दिल का रुझान हमेंशा अधो मुख की ओर ही रहता हैं, इसका मुख्य कारण हमारे जन्म जन्मांतर के संस्कार तथा बातावरण हैं। इन संस्कारों से छुटकारा पाये बिना मन ऊर्ध्व गामी नही बन सकता और केवल साधक का प्रयास अधूरा ही साबित होता हैं तो उस समय भी साधना में' उनकी ओर देख 'विधि का ही सहारा लेना फ़लदायक सिद्ध होता हैं।

साक्षात्कार ( Realisation ) को प्राप्त कर लेने के लिए Balanced State of Mind ( समता की स्थिति )का उदय आवश्यक है। इस समता Balanced state प्राप्त करने का गुह्य तत्व भी "उनकी ओर देख "की विधि ही है। हमारा पथ प्रदर्शक ईश्वर में इतना लीन है कि सहायार्थ छटपटाने वाले जीवों के लिए वह परमात्मा के अवतार के अतिरिक्त दूसरा कुछ नहीं ।



# ऋत वाणी

**क्रमागत**

अब केवल ईश्वर प्राप्ति का मसला रह जाता हैं । साधारणतया लोग इसके मानी समझते हैं विष्णु के आकार का मानसिक दर्शन जिनके चार हाथों में शंख, चक्र, गदा, पद्म, हों । मेरे ख्याल से इस प्रकार का दर्शन साधक की अपनी ठोस मानसिक अवस्था की ही उपज हैं । उसने ध्यान के लिए यही आकार सामने रक्खा जिसमें उसका सूक्ष्म अहम वही रूप लेकर सामने आजाता हैं। साधना के पश्चात राजयोग में जो मानसिक स्थिति विकसित होती हैं वह बिलकुल भिन्न होती है । उस स्थिति में उसे सर्वत्र, सब चीजों में एक ही शक्ति की उपस्थिति का अनुभव है और इससे वह एक आनंदातिरेक की स्थिति को प्राप्त हो जाता हैं। दरअसल में वास्तविक दर्शन इसे कहते हैं। जिसे इच्छा हो इसमें झांक कर देखो और स्वयं अपने आप अनुभव करें ।

पर ऐसे दर्शन तक पहुंच जाना पूर्णता की प्राप्ति नहीं हैं। यह तो ईश्वर की ओर केवल पहला कदम हैं। हमें अभी और कितना आगे जाना हैं या कितनी और स्थितियों में से गुजरना हैं उनका कोई निश्चित अन्दाज नहीं लगाया जा सकता । जब हमारा आखिरी लक्ष्य 'भूमा ' या'अन्तिम ' में लीन हो जाना हैं , तब दर्शन को हम कैसे अन्तिम स्थिति मान सकते हैं एक तरह से यह स्थिति मनोरंजन की सी होती हैं। जैसे किसी बच्चे को नये खिलौने मिलने पर । वैसे ही मनोरंजन प्राप्त कर हमे भी आनन्द होता हैं । अगर इसे अन्तर्दृष्टि से देखा जाये तो सच्ची अवस्था तुरंत हमारे सामने आजायेगी । मैं इसे मनोरंजन इसलिए कहता हूं कि अभ्यासी को इस स्थिति से थोड़ी देर के लिए दूर होना भी अच्छा नहीं लगता। हममें से अधिकांश जिसे पूजा कहते है उसमें भी एक प्रकार का आनंद आताहै। इस लिए उसे एक प्रकार मनोंरंजन ही मानना चाहिए । मनोंरंजन के साधन अलग-अलग हो सकते है । बच्चे के लिए खिलौने बिद्वान के लिए पुस्तकें पढ़ना पुजारी के लिए पूजा स्तावन, भक्त के लिए भावना भरा प्रेम,

महान आत्मा के लिए ईश्वर प्राप्ति और ब्रह्म में लीन होना और पूर्णता-प्राप्त व्यक्ति के लिए अपनी अज्ञानावस्था। पर यहां तक इन मनोरंजनों से मनोरंजन ही मिल सकता है। वास्तविक सत्य बहुत आगे है। जब हम इन सबको पार कर जाते है तब कहीं 'वह' आता है। बडे अफसोस की बात है कि लोग इन अवस्थाओं को ही सत्य पद मान कर उनमें उलझे रह जाते है और वहीं पर अपनी साधना समाप्त कर देते है।

मिल गई जिसको गांठ हल्दी की
उसने समझा कि हूं मैं पनसारी

सत्य पद की वास्तविक स्थिति क्या हो सकती है, इसका शब्दों में वर्णन करना बहुत कठिन है। समझ में आने के लिऐ हम उसे सभी आध्यात्मिक स्थितियों का अन्त कह सकते है यद्यपि वहां से सत्य पद का शायद आरंभ हो होता हो। आगे जा कर इसका भी लोप हो जाता है और उसकी स्मृति भी पीछे छूट जाती है। फिर हम ऐसे स्तर पर पहुच जाते है जहां अनन्त काल तक हमारा तैरना हीं चालू रहता है। जो भी उस अनन्त स्थिति का स्वाद चखने को उत्सुक है, उसे मै तो कहता हूं, पहले भावनाओं के सारे असर को दूर हटाकर फिर उस दायेरे में प्रवेश प्राप्त करना चाहिए।

ऊपर जो कहा जा चुका है यह सब केबल अपने अकेले के प्रयत्नों से प्राप्त करना किसी के लिए भी संभव नही है। कारण कि जैसे जैसे हम ऊपर पहुचने लगते है वैसे वैसे ही प्रकृति की शक्ति सूक्ष्मतर होती जाती है और शक्ति में जितनी ही सूक्ष्मता होगी उतना ही उसमें अधिक बल होगा इसलिए अपने आप के प्रयत्नों से ऊपर उठना असंभव सा है। ऐसी हालत में किसी पहुँचे हुए पथप्रदर्शक की सहायता अत्यन्त आवश्यक हो जाती हैं, जो अपनी शक्ति से अभ्यासी को आगे ठेल सके। मेरे ख्याल में गुरूदेव की शक्ति से ऊपर तक पहुँचाये जाने पर भी फिर से नीचे फिसल आने का डर रहता है उसके लिए उसे वहीं टिकाये रखने के लिए भी गुरूदेव की शक्ति फिर लगाना आवश्यक हो जाता है।



# अनन्त यात्रा

(इस स्थायी स्तम्भ के अन्तर्गत श्री 'बाबूजी' और सुश्री कस्तूरी चतुर्वेदी के बीच पत्र-व्यवहार क्रमशः प्रकाशित किया जा रहा है। इसमें अध्यात्म एवं ब्रह्म-विद्या सम्बन्धी साधना में अभ्यासी की प्रगति का एक सम्यक व्यवस्थित वास्तविक विवरण प्रस्तुत है। उक्त विद्या को वैज्ञानिक अध्ययन एवं अनुसंधान के लिये सुलभ करने की दृष्टि से इस विस्तृत पत्र-व्यवहार का यथातथ्य प्रकाशन महत्वपूर्ण होगा। क्रमागत— —सम्पादक ]

पत्र संख्या (१५१)

लखीमपुर
ता० १५—५—५१

परम पूज्य तथा श्रद्धेय श्री बाबूजी

सादर प्रणाम

आशा है मेरा पत्र मिला होगा। मैंने ता: १३-५-५१ की रात को उसे स्वप्न कह लीजिए, परन्तु उस अवस्था को बिलकुल स्वप्न भी नहीं कह सकती हूं, तीन या साढे तीन बजे आप मुझे बिलकुल अपने सामने दिखलाई दिये और आप को देख कर मालुम पड़ता था कि आपकी सांस की तकलीफ बढ़ गई हैं और एक किसी काम का आपने तरीका भी बतलाया था और मेरी समझ में आ गया था परन्तु मैंने लिख नहीं लिया और फिर आपकी तकलीफ के आगे कुछ याद ही नहीं आता हैं। आशा है अब आप को आराम हो गया होगा। और रात में अधिकतर ऐसी ही अवस्था रहती हैं। सपने में बात करती हूं तो मुझे मालुम रहता हैं कि मैं बात कर रही हूं मैं यह नहीं जानती कि मेरा मुह खुलता है या नहीं। ईश्वर करे आप बिल्कुल अच्छे हों। कृपया जल्द ही अपनी तबियत का हाल दीजिएगा।

न जाने क्या बात है पहले मेरा ख्याल 'मालिक' के प्रति बेहद मजबूत था पर अब ख्याल ही महसूस नहीं होता । तो उसकी मजबूती का सवाल ही नहीं । लगन मुझमें रत्ती भर भी नहीं रह गई है । मुझे यह तक भूल जाता है कि मेरा ध्येय क्या है । इस लिए सारा जोश भी ठंढा हो गया है । अब तो यह ख्याल भी खत्म हो चुका कि मेरी आत्मिक उन्नति हो रही है या हो चुकी है या होती रहेगी । पूज्य श्री बाबू जी मैंने जो कुछ भी अपनी हालत लिखी है मेरे बिल्कुल वश के बाहर है, इस लिए कोई खास चिन्ता नहीं है मालिक जाने, जैसी उसकी मरजी ।

आपकी दीन हीन सर्व साधन विहीना
पुत्री कस्तूरी



पत्र संख्या १५२)

शाहजहांपुर
४-६-५१

प्रिय बेटी कस्तूरी

खुश रहो,

जब तुमने स्वप्न में देखा था, उस समय मुझे दिन और रात में दो बार दौरे तेज हो रहे थे अब चौथे रोज कल दौरा पड़ा । ज्यादा चिन्ता नहीं करना चाहिए । यदि ईश्वर को मन्जूर है। इसलिए कि ऐसी दशा में बहुत काम पूरी तरह से करना कठिन होगा । अब १५ मई के पत्र का उत्तर दे रहा हूँ। पहले मेरा ख्याल 'मालिक' के प्रति बेहद मजबूत था और अब तो यह ख्याल या इरादा ही महसूस नहीं होता । अभ्यासी का लय अवस्था पर आ जाना यह ईश्वरी बरकत है। जितना ज्यादा अपने को लय कर सके उतनी ही ज्यादा मंजिल पर पहुंचा हुआ समझना चाहिये। ख्याल की मजबूती उसी समय तक मालुम होती है जब तक उसके फैलाव की सूरत पैदा न हो जाय । जितनी फैलाव की शक्ल पैदा हो जाती है उतना ही अभ्यासी हल्का फुल्का होता जाता है । ईश्वर इतना हल्का है कि उसमें कोई बोझ नहीं । ख्याल की तो मजबूती का जोर शोर है इसकी शुरूआत में जरूरत है । इसका वजन आगे चल कर कम होता जाता है। यहाँ तक कि बिल्कुल नहीं रहता । यह बुनियाद है 'खालिस असलियत' पर पहुंचने की । सब कुछ होते हुए दिल्ली अभी दूर है । लाला जी ने एक बार अपनी दशा मुझसे इजहार की थी । क्या कहना इस हालत का । तो उन्होंने बयान किया ईश्वर यह चीज सब को दे । एक छोटी सी हालत मैं अपनी भी बयान किये देता हूं, वह इस लिये कि तुम्हे जब ईश्वर इस हालत पर लाने की कोशिश करें तो परेशानी न हो । मै इन शब्दों में अपनी हालत बयान करता हूं :- मुझे जिस्म और जान तथा आध्यात्मिक उन्नति यह कुछ नहीं मालुम होती । आकाश तत्व

जो सब से हल्का कहा गया हैं वह अपने से भारी मालुम हो..ा हैं। २४ मई के खत मे जो इज्जत और अदब के बारे में लिखा हैं उसका जवाब देने की जरूरत नहीं। जब तुम अपनी हालत में होती हो उस समय एकता भासती है और उसमें इज्जत और अदब का ख्याल नही रहता क्यों कि वहां पर सब एक है। वह एकताई अभी पूरी सीमा तक हीं पहुँची और किसी के कहने सुनने का असर न होना यह सहनशीलता है जो बहुत अच्छी चीज हैं। शेष शुभ हैं

तुम्हारा शुभ चिन्तक

रामचन्द्र